भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2823**
जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

## कर्नाटक में राजमार्ग परियोजनाएं

2823. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) कर्नाटक के लिए स्वीकृत राजमार्ग परियोजनाओं की संख्या सहित कुल लंबाई कितनी है;
(ख) इन परियोजनाओं का पश्चिमी घाट क्षेत्र से संपर्क स्थापित करने पर क्या प्रभाव पड़ेगा, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा; और
(ग) राज्य में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति क्या है और नागरिकों के जीवन को संवारने में उनकी क्या भूमिका है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। पिछले 5 वर्षों की अवधि अर्थात 2019-20 से 2023-2024 तक के दौरान कर्नाटक राज्य में कुल 2958 किलोमीटर लंबाई वाले एनएच पर 151 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 2514 किलोमीटर की कुल लंबाई में 99 परियोजनाएं चल रही हैं। पश्चिमी घाट से गुजरने वाली एनएच पर सुधार और उन्नयन परियोजनाओं से तटीय क्षेत्र और बंदरगाहों के साथ पश्चिमी घाटों उत्तर पूर्व कर्नाटक की संपर्कता में सुधार होगा जिससे यात्रियों और माल की आवाजाही तेज और सुरक्षित होगा, पर्यटन को प्रोत्साहन, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप नागरिकों के जीवन में आर्थिक संपन्नता आएगी और उनका सर्वांगिक विकास होगा।

*****